Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 20 अप्रैल 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 202

## लोकसभा चुनाव 2024

# देश की 102 सीटों पर छिटपुट घटनाओं को छोड़ शांतिपूर्ण रहा मतदान

**नई दिल्ली** । आरएनएस

देश में लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में 102 सीटों पर मतदान संपन्न हुआ। 102 सीटों पर 1625 उम्मीदवार मैदान में थे। छिटपुट घटनाओं को छोडक़र सभी जगह मतदान शांतिपूर्ण रहा। मणिपुर व पश्चिमी बंगाल में हिंसा की खबर है। राजस्थान में कुछ जगह मारपीट व धमकी देने की घटनाएं सामने आई हैं। पहला चरण देश के 102 लोकसभा सीटों में संपन्न हो गया। छिटपुट घटनाओं को छोड़ दिया जाए तो देश के 21 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश में मतदान शांतिपूर्ण रहा।

शुक्रवार को जिन केंद्रीय मंत्रियों के भाग्य का फैसला वोटिंग मशीन में बंद हुआ उनमें नागपुर से नितिन गडकरी, डिब्रूगढ़ से सर्बानंद सोनोवाल, अरुणाचल पश्चिम से किरण रिजिजू, उधमपुर से जितेंद्र सिंह, अलवर से भूपेंद्र यादव, बीकानेर से अर्जुन राम मेघवाल व तमिलनाडु के नीलगिरी से एल मुरुगन शामिल रहे।

चुनाव आयोग के मुताबिक पहले चरण के मतदान के लिए देश भर में 1.87 लाख मतदान केंद्र बनाए गए थे। इन मतदान केद्रों पर कुल 16.63 करोड़ से अधिक मतदाता थे।

शराब, नशीले पदार्थों, नकदी आदि की अवैध खेप पर नजर रखने के लिए 1,374 अंतरराज्यीय और 162 अंतरराष्ट्रीय सीमा चौकियों पर निगरानी रखी गई। शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए सडक़ मार्ग और सीमाओं के अलावा समुद्री और हवाई मार्ग पर भी कड़ी निगरानी रखी गई।

वोटिंग सुबह 7 बजे शुरू हुई और शाम 6 बजे खत्म हुई। (मतदान समाप्ति का समय कुछ स्थान पर भिन्न था)। इन 102 सीटों पर 16.63 करोड़ से अधिक मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं और 11,371 थर्ड जेंडर थे।

35.67 लाख मतदाता ऐसे थे, जिनके पास अपने मताधिकार का प्रयोग करने का यह पहला अवसर था। इसके अतिरिक्त, 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता व 85 वर्ष से अधिक आयु के 14.14 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता थे। 13.89 लाख विकलांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) भी इस चुनाव में मतदाता रहे। इन्हें घर से ही मतदान करने का



विकल्प प्रदान किया गया था। मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष ट्रेनें और लगभग 1 लाख वाहन तैनात किए गए थे।

सभी मतदान केंद्रों पर माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती के साथ 50 प्रतिशत से अधिक मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की गई।

चुनाव आयोग ने कुल 4,627 उडऩ दस्ते, 5,208 सांख्यिकी निगरानी दल, 2,028 वीडियो निगरानी दल और 1,255 वीडियो देखने वाली टीमें तैनात की थी।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में जिन महत्वपूर्ण सीटों पर चुनाव हुआ उनमें नागपुर, कन्याकुमारी, चेन्नई सेंट्रल, मुज्जफनगर, सहारनपुर, कैराना, पीलीभीत, डिब्रूगढ़, जोरहाट, जयपुर, छिंदवाड़ा, जमुई, बस्तर, नैनीताल व लक्षद्वीप शामिल रहे।

पहले चरण के मुख्य चेहरों में उत्तर प्रदेश के पीलीभीत से जितिन प्रसाद, तमिलनाडु से कार्ति चिदंबरम, तमिलनाडु के कोयंबटूर से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई, चेन्नई सेंट्रल से दयानिधि मारन व छिंदवाड़ा से नकुलनाथ भी शामिल थे।

शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने 18 लाख से अधिक मतदान अधिकारियों की तैनाती की थी।

### देश की 102 सीटों पर कुल 59.71% मतदान दर्ज

लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुक्रवार को संपन्न हो गया। पहले चरण में 102 सीटों पर मतदान हुआ। देश की 102 सीटों पर 59.71% मतदान दर्ज किया गया है। राजस्थान में 50.27% मतदान दर्ज किया गया है। वही अंडमान &निकोबार में 56.87%,अरुणाचल प्रदेश में 63.27% ,असम में 70.77 महाराष्ट्र में 54.85%, मणिपुर में 67.46% , मेघालय में 69.91%, मिजोरम में 52.62%, नागालैंड में 55.75%, पांडुचेरी में 72.84%, सिक्किम में 67.58%, तमिलनाडु में 62.02%,त्रिपुरा- 76.10%, उत्तर प्रदेश में 57.54%,उत्तराखंड में 53.56%,पश्चिम बंगाल में 77.37% मतदान हुआ। इन 102 सीटों पर कुल 1,625 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे।

### सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल और सबसे कम बिहार में मतदान

लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान शुक्रवार की शाम संपन्न हो गया। शाम 5 बजे तक के मतदान के आंकड़े की बात करें तो सबसे ज्यादा मतदाताओं ने पश्चिम बंगाल में मतदान किया है। इस मामले में बिहार सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों से पिछड़ गया है। पश्चिम बंगाल में शाम 5 बजे तक सबसे अधिक 77.57 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाला। वहीं, बिहार में सबसे कम सिर्फ 46.32 प्रतिशत मतदाताओं ने ही शाम 5 बजे तक वोट डाला है। अन्य राज्यों के मतदान प्रतिशत की बात करें तो त्रिपुरा में 76.10, असम में 70.77, पुडुचेरी में 72.84, मेघालय में 69.91, मणिपुर में 68.62, सिक्किम में 68.06, जम्मू कश्मीर में 65.08, अरुणाचल प्रदेश में 63.97, छत्तीसगढ़ में 63.41, लक्षद्वीप में 59.02, अंडमान एवं निकोबार द्वीप में 56.87, नागालैंड में 55.02, उत्तराखंड में 53.56 और मिजोरम में 53.03 प्रतिशत मतदान हुआ है। बड़े राज्यों की बात करें तो शाम 5 बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश में 57.54, तमिलनाडु में 62.08, मध्य प्रदेश में 63.25, महाराष्ट्र में 54.85 और राजस्थान में 50.27 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दुनिया की सबसे छोटे कद की महिला ने नागपुर में डाला वोट

**नागपुर (आरएनएस)।** देश में 21 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेश की 102 सीटों पर मतदान जारी है। इस बीच नागपुर में दुनिया की सबसे छोटे कद की महिला ज्योति आम्गे ने मतदान केंद्र पहुंचकर वोट डाला। जब वह मतदान केंद्र पहुंची तो लाइन में खड़े सभी मतदाता उसकी तरफ देखने लगे, उनके चेहरे पर मुस्कान आ गई। मतदान केंद्र पर भीड़ से बचने के लिए 62.8 सेमी (2 फीट, 3/4 इंच) लंबी ज्योति आम्गे मुस्कुराती हुई परिवार के सदस्यों की गोद में वोट डालने पहुंची। लाल ड्रेस में ज्योति आम्गे मतदान केंद्र पर पहुंची तो सब उन्हें देखकर मुस्कुराने लगे। कैमरामैन ने ज्योति को मतदान केंद्र में प्रवेश करने तक लगभग घेर कर रखा, सभी ज्योति को ही देख रहे थे। वोट डालने के बाद रोमांचित ज्योति ने गर्व से अपनी स्याही लगी उंगली दिखाते हुए आईएएनएस को बताया, यह मेरा दूसरा लोकसभा चुनाव का मतदान है। मैं पहले ही महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए दो बार मतदान कर चुकी हूं। मैं हमेशा अपने वोट देने के अधिकार का प्रयोग करती हूं और यह देश के प्रति मेरा कर्तव्य भी है।

### मकान के लिए हैवान बना युवक, युवती के मुंह में लाल मिर्च पाउडर भरकर फेवीक्विक से चिपका दिए होंठ

**भोपाल (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के गुना में एक मकान हड़पने के लिए दरिंदगी की हदें पार करने का एक खौफनाक मामला सामने आया है। इस मामले में अयान पठान नामक युवक ने लडक़ी की पहले जमकर पिटाई की फिर उसकी आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया। पठान की दरिंदगी यहीं नहीं रुकी फिर उसने मुंह में लाल मिर्च पाउडर भरकर होंठ फेवीक्विक से चिपका दिए। पीड़िता इस समय अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती है। युवती के पिता का देहान्त हो चुका है। पैतृक मकान है जिसकी रजिस्ट्री माँ के नाम है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी अयान उसका पडौसी है। अयान पठान की नजर पीड़िता के पैतृक निवास पर थी। अयान चाहता था कि युवती उसके मकान की रजिस्ट्री अयान के नाम करा दे। जब युवती ने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई, आंखों में मिर्ची उड़ेल दी गई। युवती और अयान काफी समय से संपर्क में थे। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत एक घायल

**मीरजापुर (आरएनएस)।** कटरा कोतवाली क्षेत्रांतर्गत बसही के पास दो मोटरसाइकिल में टक्कर हो गयी। परिणाम स्वरूप अपाचे बाइक सवार सैफ पुत्र वाहिद निवासी मीर साहब की गली इमरती रोड, कटरा कोतवाली व दूसरे बाइक सवार अनिल पुत्र अनंतु निवासी मिश्रपट्टी थाना जिगना की मौके पर मौत हो गयी तथा छोटू पुत्र लल्ला निवासी मिश्रपट्टी थाना जिगना घायल हो गये। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कटरा मय पुलिस बल द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर घायलों को अस्पताल भिजवाया गया तथा मृतक सैफ व अनिल उपरोक्त के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है। घटना बीती रात की बताई जा रही है। जानकारी होते ही मृतक युवकों के परिजनों में हडक़ंप मच गया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव की याचिका पर सुनवाई की स्थगित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को योग गुरु बाबा रामदेव की उस याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी, जिसमें कोविड-19 महामारी के दौरान एलोपैथिक दवाओं के इस्तेमाल के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणियों को लेकर दर्ज एफआईआर के संबंध में उनके खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति पी. बी. वराले की पीठ ने बिहार और छत्तीसगढ़ सरकारों द्वारा रामदेव के खिलाफ दर्ज एफआईआर की स्थिति के संबंध में अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए और समय मांगने के बाद मामले को जुलाई में सुनवाई के लिए स्थगित कर दी। सुप्रीम कोर्ट में दायर अपनी याचिका में, पतंजलि के संस्थापक ने अपने खिलाफ सभी एफआईआर को एक साथ जोडऩे और उन्हें दिल्ली स्थानांतरित करने की मांग की है। उन्होंने अपने खिलाफ दायर कई मामलों की कार्यवाही पर रोक लगाने और दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा देने का भी अनुरोध किया है। गौरतलब है कि कोविड-19 के एलोपैथिक उपचार के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणियों को लेकर रामदेव के खिलाफ कई राज्यों में एफआईआर दर्ज है।

# मणिपुर में फायरिंग में तीन लोग घायल, उत्तराखंड में ईवीएम तोड़ी

**नई दिल्ली** । आरएनएस

लोकसभा के पहले चरण के चुनाव में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान हो रहा है। सीटों के हिसाब से यह सबसे बड़ा फेज है। वोटिंग शाम 6 बजे तक चलेगी। इस दौरान देशभर में मतदान केंद्रों पर हिंसा और मारपीट की घटनाएं सामने आ रही है। वोटिंग के दौरान मणिपुर के बिष्णुपुर में फायरिंग, बंगाल के कूचबिहार हिंसा और छत्तीसगढ़ के बीजापुर में ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ है। मणिपुर के बिष्णुपुर में फायरिंग में तीन लोगों के घायल होने की भी सूचना है। वहीं, बंगाल में टीएमसी और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट भी हुई है। इसके अलावा उत्तराखंड में मतदाता ने श्वङ्करू तोड़ी। बता दें कि 2019 में इन 102 लोकसभा सीटों पर भाजपा ने 40, ष्ठरूय



ने 24, कांग्रेस ने 15 सीटें जीती थीं। अन्य को 23 सीटें मिली थीं। इस फेज में अधिकतर सीटों पर मुकाबला इन्हीं 3 दलों के बीच है।

फर्स्ट फेज में 1,625 कैंडिडेट्स चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 1,491 पुरुष, 134 महिला कैंडिडेट हैं। 8 केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल भी इस बार चुनाव मैदान में हैं। इस फेज के बाद 26 अप्रैल को दूसरे फेज की वोटिंग होगी। कुल 7 फेज में 543 सीटों पर 1 जून को मतदान खत्म होगा। सभी सीटों के रिजल्ट 4 जून को आएंगे।

# चुनाव के दौरान यात्राओं की अनुमति पर तीन दिन के भीतर फैसला लें : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली** । आरएनएस

उच्चतम न्यायालय ने चुनाव के दौरान किसी भी सभा पर रोक लगाने के व्यापक आदेश जारी किए जाने पर शुक्रवार को आश्चर्य व्यक्त किया और सक्षम अधिकारियों को मौजूदा आम चुनावों के दौरान 'यात्राएं' आयोजित करने की अनुमति के लिए किसी भी व्यक्ति की ओर से की गयी याचिका पर तीन दिन के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय और निखिल डे की याचिका पर यह निर्देश दिया। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता सुश्री रॉय और डे की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दावा किया कि चुनाव आयोग ने



आम चुनाव होने तक सभी सभाओं, बैठकों, प्रदर्शनों आदि पर रोक लगा दी है। पीठ ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए पूछा, ऐसा आदेश कैसे जारी किया जा सकता है। भूषण ने संविधान पीठ के पहले के फैसलों का जिक्र करते हुए कहा कि जब तक शांति भंग होने की कोई ठोस वास्तविक आशंका न हो, सीआरपीसी की धारा 144 के तहत कोई आदेश जारी नहीं किया जा सकता है। पीठ के कहने पर भूषण ने अदालत में ऐसा ही एक नोटिस को पढ़ा। उन्होंने (श्री भूषण) बाड़मेर में जारी एक नोटिस का हवाला देते हुए कहा, बाड़मेर के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि ईसीआई द्वारा लोकसभा चुनावों की (16 मार्च को) घोषणा की गई है। ईसीआई के निर्देशों के अनुसार, लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से कराए जाने चाहिए। कोई भी व्यक्ति संबंधित चुनाव अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना जुलूस या सार्वजनिक बैठक का आयोजन नहीं कर सकेगा, लेकिन यह प्रतिबंध विवाह समारोह और अंतिम यात्रा पर लागू नहीं होगा। भूषण ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों आदि का प्रयोग करने के लिए जागरूक करने के वास्ते लोकतंत्र यात्रा/सार्वजनिक बैठक निकालने की अनुमति के लिए आवेदन किया था। उन्होंने कहा, पिछली बार नवंबर और दिसंबर में हुए विधानसभा चुनाव में हमने यही अनुमति मांगी थी। हमें अनुमति नहीं दी गई थी और अब फिर कोई अनुमति नहीं दी गई है। 48 घंटे के भीतर उन्हें कम से कम अनुमति के लिए आवेदन पर निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अदालत को एक आदेश पारित करना चाहिए जो पूरे देश पर लागू हो। इस पर पीठ ने कहा, हम एक अंतरिम आदेश द्वारा निर्देश देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा सक्षम अधिकारियों को कोई आवेदन किया जाता है तो ऐसे आवेदन के तीन दिन के भीतर उस पर निर्णय लिया जाएगा। शीर्ष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई दो सप्ताह के बाद करेगी।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, भाई-बहन की मौत

**सुल्तानपुर** । आरएनएस

चांदा कोतवाली क्षेत्र में ट्रक ने बाइक सवार बहन भाई को टक्कर मार दी। जिसमें भाई की मौके पर मौत हो गई। जबकि बहन को डॉक्टर ने सीएचसी में मृत घोषित कर दिया। सगे भाई बहन की मौत से परिवार समेत गांव में कोहराम मच गया है। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम में भेजा है। गुरुवार देर शाम कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के सांगापुर निवासी कृष्ण कुमार पुत्र रमापति अपनी बहन पूजा पत्नी गणेश कुमार निवासी नौगवां चांदा को लेकर बाइक से अपने घर सांगापुर जा रहा था। अभी वो चांदा थानाक्षेत्र के चांदा-कादीपुर मार्ग पर शाहपुर जंगल के पास पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा था कि ट्रक ने पीछे से आकर




बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि भाई की मौके पर मौत हो गई और बहन को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीपी कमैचा लाया गया। जहां डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए महिला को जिला अस्पताल सुल्तानपुर के लिए रेफर कर दिया। लेकिन वो रास्ते में हिचकियां लेने लगी। ऐसे में परिजन उसे लंभुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंच गए।

जहां अधीक्षक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतका की शादी साल 2019 में हुई थी। उसके एक दो साल की बेटी है। वही मृतक दो बहनों में इकलौता भाई था। हादसे की ख़बर से घर में मातम पसर गया है।

# खतरे में मासूमों की जिंदगी... स्कूल बस और ट्रक में टक्कर, कई स्कूली बच्चे घायल

**बरनाला** । आरएनएस

यहां शुक्रवार को तेज रफ्तार स्कूल बस और ट्रक में भीषण टक्कर हो गई। हादसे में बस के चालक, हेल्पर समेत 14 स्कूली बच्चे घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल धनौला में भर्ती कराया गया है। यह हादसा बरनाला-चंडीगढ़ मुख्य मार्ग पर धनौला के पास घटित हुआ। जो बस हादसे का शिकार हुई वह बस ग्रीन फील्ड कॉन्वेंट स्कूल दानगढ़ की है। यह घटना आज सुबह करीब आठ बजे हुई, जब बस अलग-अलग गांवों से बच्चों को लेकर स्कूल लेकर जा रही थी। गंभीर रूप से घायल चार बच्चों को सिविल अस्पताल बरनाला रेफर कर दिया गया और अन्य को प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि हादसा स्कूल बस की तेज रफ्तार के कारण हुआ।

# पंजाब और हिमाचल में आंधी और बारिश का कहर, पेड़ गिरने से कई वाहनों को नुकसान, आप प्रत्याशी की रैली में टैंट गिरा

**शिमला** । आरएनएस

उत्तर भारत के कई राज्यों में शुक्रवार को मौसम ने करवट ली। पंजाब, हिमाचल समेत कई राज्यों में बारिश और आंधी का दौर चला। हिमाचल प्रदेश में मौसम विभाग की चेतावनी के बीच दोपहर बाद कई क्षेत्रों में तूफान और ओलावृष्टि ने खूब तबाही मचाई। ऊना के गगरेट के कई क्षेत्रों में पेड़ गिरने से 6 से ज्यादा गाडिय़ों व कुछ घरों को भी नुकसान हुआ है। कई स्थानों पर घरों की छत्त तक उड़ गई है। मशहूर पर्यटन स्थल मनाली में भी देवदार का पेड़ गिरने से 10 गाडिय़ों को नुकसान होने की सूचना है। मनाली में एक व्यक्ति भी पेड़ गिरने से घायल हुआ है, जो कि गाड़ी में बैठा हुआ था। पंजाब में शुक्रवार दोपहर बाद तेज आंधी के साथ कई जिलों में बरसात शुरू हो गई है। गुरदासपुर से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार अमन शेर सिंह शेरी कलसी के पठानकोट में हुए समारोह के दौरान आंधी तूफान की वजह से पंडाल गिर गया। इससे लोगों में हडक़ंप मच गया। सुनाम के गांव बख्शीवाला में ओलावृष्टि हुई है। जालंधर में भी बारिश और ओलावृष्टि हुई। गुरदासपुर में भी आंधी के साथ बरसात शुरू हो गई है। कपूरथला में तेज आंधी के बाद कुछ देर बारिश हुई।

# फिलिपींस को ब्रह्मोस की आपूर्ति , चीन को लग सकती है मिर्ची

**नई दिल्ली** । आरएनएस

भारत-रूस के संयुक्त उपक्रम द्वारा विकसित ब्रह्मोस मिसाइल की फिलिपींस को आपूर्ति के साथ ही वह इस मिसाइल प्रणाली को हासिल करने वाला पहला विदेशी राष्ट्र बन गया है। यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने शुक्रवार को तब हासिल किया जब देश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान हो रहा था। जनवरी 2022 में ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) ने फिलिपींस के राष्ट्रीय रक्षा विभाग के साथ 37.49 करोड़ डॉलर के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। इसमें फिलिपींस की नौसेना के लिए तट-आधारित एंटी-शिप मिसाइल सिस्टम




की आपूर्ति शामिल थी। यह कदम भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति तथा इसके समग्र भारत-प्रशांत विजन में फिलिपींस की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। नई दिल्ली ने इसे जिम्मेदार रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने की भारत सरकार की नीति के लिए एक महत्वपूर्ण कदम करार दिया है। फिलिपींस के रक्षा मंत्रालय ने स्वीकार किया कि ब्रह्मोस उनके देश की संप्रभुता और संप्रभु अधिकारों को कमजोर करने के किसी भी प्रयास के खिलाफ प्रतिरोध प्रदान करेगा, खासकर पश्चिमी फिलिपीन सागर में। वैसे भारत के इस कदम से चीन को मिर्ची लग सकती है।?दरअसल साउथ चाइना सी में फिलीपींस का स्पार्कली आइलैंड्स को लेकर विवाद चलता रहता है।?चीन के चाइना छोटे आइलैंड वाले देशों को धमकाया जाता है, क्योंकि यह देश सैन्य रूप से इतने मजबूत नहीं है। इंडिया की तरफ से भी यह पहली बार होगा जब चाइना के दुश्मनों को कोई हथियार बेचा गया हो। फिलिपींस राष्ट्रपति पहले ही कह चुका है कि हम पीछे नहीं हटने वाले हैं और हम अपनी सेना का आधुनिकीकरण करने जा रहे हैं। चीन की आक्रामकता को रोकने के लिए एक सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है और फिलीपींस जैसे देशों को हथियारों की दौड़ में चीन प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रेरित कर रहा है। प्रारंभ में, फिलिपींस को तीन बैटरियों की आपूर्ति की जाएगी, जिसमें छह लॉन्चर और मिसाइलें शामिल हैं। अनुबंध में ऑपरेटरों और देखरेख करने वालों के लिए प्रशिक्षण के साथ-साथ आवश्यक एकीकृत लॉजिस्टिक्स सपोर्ट (आईएलएस) पैकेज भी शामिल है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पिछले महीने फिलिपींस की अपनी यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर से मुलाकात की, और उन्हें भारत-फिलिपींस साझेदारी में हाल के विकास और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए संयुक्त पहल के बारे में जानकारी दी।

फिलिपींस के विदेश मंत्री एनरिक ए. मनालो से मुलाकात के अलावा जयशंकर ने रक्षा और समुद्री सुरक्षा में बढ़ते सहयोग पर चर्चा करने के लिए फिलिपींस के राष्ट्रीय रक्षा सचिव गिल्बर्ट टेओडोरो से भी मुलाकात की।विदेश मंत्रालय ने 27 मार्च को एक बयान में कहा, क्षमता निर्माण, संयुक्त अभ्यास, सूचना आदान-प्रदान और रक्षा औद्योगिक सहयोग के माध्यम से द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में चल रही गति को मजबूत करने पर ठोस चर्चा हुई।

दूसरी ओर, टेओडोरो ने पश्चिम फिलिपीन सागर/दक्षिण चीन सागर मुद्दे पर फिलिपींस की स्थिति के लिए भारत के अटूट समर्थन का स्वागत किया।

फिलिपींस के रक्षा विभाग ने कहा, मंत्री जयशंकर ने नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। ऐसे प्रयासों के तहत, दोनों पक्ष रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने, गतिशीलता और रसद सहयोग को बढ़ाने पर भी सहमत हुए। साथ ही उभरती प्रौद्योगिकियों पर निवेश, अंतरिक्ष के क्षेत्र में जागरूकता पर सहयोग और संयुक्त अनुसंधान एवं विकास पर संभावित साझेदारी का पता लगाने पर भी सहमति बनी।सामान्य सुरक्षा चुनौतियों से निपटना और क्षेत्र के देशों के साथ मजबूत रक्षा और सैन्य साझेदारी बनाना पिछले 10 साल में मोदी सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है।